बम डिफ्यूज करने में सबसे तेज निकले शशांक

टैलेंट

गोरखपुर | कार्यालय संवाददाता

रविवार को मदनमोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रह टेकेन गेम में अपनी प्रतिभा दिखाते छात्र

रोबोमेनिया कार्यक्रम में जोश में दिखी आयोजक टीम ● हिन्दुस्तान

एमएमयूटी के बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा तैयार लेजर बीम की बौछार से बचते हुए शशांक शेखर निकुंभ ने न केवल कंप्यूटर पर प्रश्न पत्र को हल कर कैंपस में जगह-जगह लगे बमों का पता लगा लिया, बल्कि उन्हें सबसे तेज पहुंच कर डिफ्यूज भी कर दिया। बम डिफ्यूजन प्रतियोगिता में उन्हें पहला स्थान मिला। इसी तरह रोबोट युद्ध प्रतियोगिता में अमन राज की टीम अव्वल रही। रविवार की देर शाम को विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आए करीब दो दर्जन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

एमएमएमयूटी के फुटबाल ग्राउंड पर रोबोटिक्स क्लब द्वारा आयोजित रोबोमेनिया-2017 का रविवार को अंतिम दिन था। रविवार को रोबोट युद्ध के अंतिम चक्र की प्रतियोगिता हुई। इसमें एमएमएमयूटी के अमन राज की टीम द्वारा तैयार रोबोट सब पर भारी पड़ा और अंततः इसी टीम को विजेता का खिताब मिला। बम डिफ्यूजन प्रतियोगिता की पहला चरण 3 मार्च को शुरू हुआ था। पहले चरण में लेजर बीम से गुजर कर इस तरह से कैंपस को पार करना होता है, ताकि कोई भी बीम प्रतियोगी के चेहरे या सिर के किसी हिस्से से न टकराए।

कैंपस पार करने वाले के सामने एक लैपटॉप था। इसे खोल कर इसमें मौजूद एक प्रश्न पत्र हल करते ही परिसर के उन स्थानों के बारे में क्लू मिला, जहां बम लगाए गए थे। क्लू के आधार पर स्थान चिह्नित करने वाले प्रतिभागी को बम डिफ्यूज करने के औजार दिए गए। इसके बाद सबसे पहले शशांक शेखर निकुंभ ने बम डिफ्यूजन में सफलता हासिल की। इनके कुछ ही सेकेंड बाद मो. आसिफ ने प्रतियोगिता अंतिम चरण पूरा किया। दोनों को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में तन्मय कुमार व सत्यजीत कुमार दूसरे स्थान पर रहे। जासूसी नॉवेल के पात्र शेरलॉक होम्स के खोजी दिमाग पर आधारित प्रतियोगिता में प्रभुदानंद, मिहिर गोयल, रविन्द्र नाथ और कुलदीप निषाद की टीम को प्रथम स्थान मिला। तन्मय कुमार, विदिशा व श्रेया की टीम दूसरे स्थान पर रही जबकि हेमंत कुमार, इशिता शाही, सर्वग्य गुलाटी व अग्रिमा अग्रवाल की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। सर्किट विजार्ड प्रतियोगिता में सत्यजीत कुमार व सौरभ सिंह की टीम प्रथम स्थान पर रही, जबकि दूसरे स्थान पर सार्थक श्रीवास्तव व मानवेन्द्र सिंह की टीम रही।

ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दिव्यांश अव्वल

ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता ट्यूरिंग में दिव्यांश सिंह अव्वल रहे। रेफिलक्स में ब्रिजेन्द्र राय व अमन आनंद की टीम प्रथम स्थान पर रही। सौम्या भंडारी व तन्मय की टीम को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। जैकेट व सेंसर पहन कर कंप्यूटर पर युद्ध की इलेक्ट्रो टेकेन प्रतियोगिता का नतीजा शनिवार को घोषित कर दिया गया था। आयोजक मंडल के सदस्य वैष्णो दीक्षित, दयाराम कुमार, अक्षय गुप्ता, काजल शर्मा, चित्रांशी पाठक, कशिश सिंह राठौर, आकाश त्रिपाठी, अभिषेक चौधरी व अनुराग पाल ने सफल प्रतिभागियों को बधाई दी। लगातार दस साल से प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।